प्रेषक,

एच0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग। **लखनऊ : दिनांक : 21 मार्च, 2016**

विषय: वित्तीय वर्ष 2015-16 में शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग,जल निकासी,नाली निर्माण एवं अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत हेतु द्वितीय/अंतिम किश्त की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4209/76/एक/एबीएमबीवीवाई/2015-16, दिनांक 11 फरवरी, 2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "**शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग, जल निकासी, नाली निर्माण एवं अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना**" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2013-14 में जनपद-फर्रूखाबाद की न0पा0प0, फर्रूखाबाद की विभिन्न मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग सड़क, जल निकासी व नाली निर्माण आदि कार्य के लिए कुल 17 परियोजनाओं हेतु अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि से शासनादेश संख्या-264/26-ब0प्र0-2014-34(म0ब0-83)/2014 दिनांक 04 मार्च, 2014 द्वारा **रू0 180.74 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 90.37 लाख** की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गयी थी। अतएव उक्त परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में उक्त योजनान्तर्गत प्राविधानित बजट में उपलब्ध धनराशि से संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित द्वितीय/अंतिम किश्त की धनराशि **रू0 90.37 लाख (रूपये नब्बे लाख सैंतीस हजार मात्र)** की निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-32/69-1-13-14(31)2012टीसी, दिनांक 16 जनवरी, 2013 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकीस्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की

-2/

http://shasanadesh.up.nic.in

विशिष्टियों, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जायें तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।

4. उक्त धनराशि यथा समय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिला स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

5. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

6. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

7. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

8. योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को प्रारम्भ करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।

9. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजनाओं के आगणनों का गठन वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 04.04.2008 के अनुरूप है तथा उसमें कार्य विशेष की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गई है।

10. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

11. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा विशेष सचिव/सचिव/प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।

12. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

13. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।

14. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-के-2-23/दस-2011-17(4)/75 दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखाशीर्ष में जमा किया जायेगा।

-3/

http://shasanadesh.up.nic.in

15. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो, तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।

15. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2016 तक व्यय हो सके।

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट में उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक **"2217-शहरी विकास-आयोजनागत-04-गन्दी बस्तियों का विकास-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-04-शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में सी0सी0 रोड/इण्टरलाकिंग नाली आदि सामान्य सुविधाओं के निर्माण कार्य-00-35-पूँजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान"** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30.03.2015 व समय-समय पर जारी आदेशों के तहत किये जा रहे हैं।

<u>संलग्नक : यथोक्त।</u>

भवदीय,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

<u>संख्या-172/2015/393(1)/69-1-2016 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकर (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, 20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
3. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, फर्रूखाबाद।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (ई-8) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0, शासन।
9. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
10. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
11. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-172/2016/393/69-1-2016-70(म0ब0-83)/2014 दिनांक 21 मार्च, 2016 का संलग्नक।

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	जनपद का नाम	निकाय/ नगर पंचायत का नाम	बस्ती/वार्ड का नाम/कार्य का विवरण	परियोजना की कुल लागत	द्वितीय/ अंतिम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	फर्रूखाबाद	न0पा0परि0 फर्रूखाबाद	मो0 सुतहट्टी में इखलाक खां से फारूख के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	1.11	0.555
2	तदैव	तदैव	मो0 नक्कारचियान में कल्लू के मकान से रामकिशन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	4.45	2.225
3	तदैव	तदैव	मो0 खैराती खा में रफीक कुरैशी के मकान से इरशाद के मकान तक एवं अनवर के मकान से ताज मिया तक एवं बाबू के मकान से कप्तान के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	6.29	3.145
4	तदैव	तदैव	मो0 नई अंसार कालोनी गढ़ी खा जमा खा में बदरूज्जमा के कारखाना से पुलिया तक, शमीम के मकान से वशीम के मकान तक एवं सलीम के मकान से उमर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	3.72	1.86
5	तदैव	तदैव	मो0 नई अंसार कालोनी गढ़ी खा जमा खा में शफीक के मकान से बसारत के मकान होते हुए कमरूद्दीन के मकान तक एवं तकीम के मकान से सलीम के कारखाने तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	6.09	3.045
6	तदैव	तदैव	मो0 छावनी में हनीफ के मकान से जहीर हसन के मकान तक एवं लालमन के मकान से गुलजार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	3.30	1.65
7	तदैव	तदैव	मो0 कुटरा फतेहगढ़ में दक्षिणांचल विद्युत वितरण से करबला तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	34.70	17.35
8	तदैव	तदैव	मो0 पुलिस लाइन मेन रोड से रमेशचन्द्र वर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	22.81	11.405
9	तदैव	तदैव	मो0 सिविल लाईन तिर्वा कोठी में नेहा ब्यूटीपार्लर से कमलेश पाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	15.20	7.60

http://shasanadesh.up.nic.in

10	तदैव	तदैव	मो0 सिविल लाईन विर्ता कोठी में विनोद पाल फौजी से आलोक शुक्ला वाया सुधीर यादव तक, कैलाशचन्द्र पाल से सन्तोष कुमार वाया बाबू सिंह के मकान तक तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	8.81	4.405
11	तदैव	तदैव	मो0 नवदिया सिद्धार्थ नगर में नऊआ के मकान से संजीव के मकान तक, विनोद के मकान से जगदीश के मकान तक, राम निवास के मकान से जगदीश के मकान तक, नीरज के मकान से किशन वाल्मीकि के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	12.32	6.16
12	तदैव	तदैव	फतेहगढ़ में इमामबाड़ा के अन्दर नियाज के मकान से मेन रोड तक एवं अन्य लिंक गलियों में इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	13.27	6.635
13	तदैव	तदैव	मो0 नवदिया सिद्धार्थ नगर में पी0डी0 महिला महाविद्धालय के सामने से पुलिया तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	5.53	2.765
14	तदैव	तदैव	मो0 विकास नगर जैन अस्पताल के पीछे संजय गुप्ता के मकान से भूपेन्द्र के मकान तक एवं अवनीश पाठक वाली में इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	9.46	4.73
15	तदैव	तदैव	मो0 बंगशपुरा जोगियाना में मो0 अंसार से राशिद के मकान तक, बब्लू के मकान से साजिद के मकान, यामीन कबूतर बाज से गुड्डु खा के मकान तक, मुश्ताक से मो0 रज्जाक, रसीम के मकान से उमेश के मकान, बृजपाल से रामनारायन के मकान तक, डॉ0 सैयद इरशाद अली से गुड्डु अली तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	13.85	6.925
16	तदैव	तदैव	मो0 बड़ी गढ़ी मनिहारी से सफीक के मकान से लाल लाल मोहम्मद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	6.71	3.355
17	तदैव	तदैव	मो0 दीवान मुवारिक में अवामिया मस्जिद से मुमताज के मकान तकख् चॉद मियॉ के मकान से कल्लू के मकान, जहीर पेन्टर से इशहाक मंसूरी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	13.12	6.56
कुल योग				**180.74**	**90.37**

(रूपये नब्बे लाख सैंतीस हजार मात्र)

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in